>

Title: Regarding functioning of ESIC dispensary located in Jhunjhunu Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में एक महत्वपूर्ण विषय उठाने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। बहुत कम शब्दों में एक बहुत गंभीर बात पर मैं आपसे फेवर चाहूंगी।

महोदया, विषयांतर्गत सूचित है कि ईएसआईसी, मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड इम्प्लायमेंट, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा वर्ष 2013 में राजस्थान रीजन के झुंझुनू केन्द्र पर ईएसआईसी मॉडल डिसपेंसरी-कम-डायग्नोस्टिक सेंटर स्वीकृत किया गया था। इसके लिए टेंडर सिस्टम द्वारा भवन किराए पर लिया गया। हमने सात माह पूर्व जो भवन किराए पर लिया, उसका किराया हमारी सरकार दे रही है, लेकिन वहां पर न डाक्टर्स हैं, न मेडिकल स्टाफ है, न मिनिस्ट्रियल स्टाफ है। इसलिए वहां की जनता चिकित्सा हितलाभों से वंचित है।

महोदया, मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि कृपया औषधालय के लिए स्वीकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वहां शीघ्र तैनात करें ताकि वहां की जनता ईएसआईसी सुविधाओं को प्राप्त कर सके।